सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-205
23/04/2018

वीर कुंवर सिंह के 160वें विजयोत्सव के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन, लेजर शो शुभारंभ कार्यक्रम में हुये शामिल

पटना, 23 अप्रैल 2018 :– आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बाबू वीर कुंवर सिंह के 160वें विजयोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि ने मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प–गुच्छ भेंटकर किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भाग ले रहे कलाकारों यथा– पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी, श्री ब्रजकिशोर दुबे, श्रीमती नीतू कुमारी नूतन, सुश्री उषा कुमारी, सुदीपा घोष को अंगवस्त्र एवं पुष्प–गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री जय कुमार सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, विधायक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, पूर्व मंत्री श्री अशोक चौधरी, पूर्व विधान पार्षद श्री संजय सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में कुंवर सिंह की वीर गाथाओं पर आधारित लेजर शो के कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री जय कुमार सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, पूर्व मंत्री श्री अशोक चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*****